## संपादकीय

# हथियारों की नई दौड़

आइएनएफ ट्रीटी हालांकि सोवियत संघ और अमेरिका के बीच हुई थी लेकिन उसके समाप्त होते ही कई देश अंतरिक्ष सैन्यीकरण के कार्यक्रम घोषित करने लगे हैं। इससे लगता है कि अगला दशक हथियारों की होड़ के एक नए दौर का गवाह बनने वाला है। शीतयुद्ध के तनाव वाले माहौल से दुनिया को शांति और सहअस्तित्व के दौर में लाने का श्रेय जिन कुछेक संधियों को दिया जा सकता है, उनमें प्रमुख रही इंटरमीडिएट रेंज न्यूक्लिअर फोर्सेज (आइएनएफ) संधि बीते शुक्रवार को खत्म हो गई।

500 से 5500 किलोमीटर तक की रेंज वाली एटमी मिसाइलों की तैनाती पर रोक लगाने वाली इस ट्रीटी से पहले अमेरिका बाहर आया फिर रूस ने भी इसे निरस्त मान लिया। ऐसा दोनों ने एक-दूसरे पर संधि के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए किया, लेकिन बड़ी बात यह कि महीनों पहले से जारी आरोप-प्रत्यारोपों के बावजूद दोनों में से किसी भी पक्ष ने दूसरे को समझाने-बुझाने या उसका संदेह दूर करने की कोई कोशिश नहीं की। न ही इस दौरान किसी और शक्ति शाली देश की ओर से उनके बीच मध्यस्थता का कोई प्रयास हुआ। इससे साफ है कि दुनिया के तकरीबन सारे बड़े देश बदले हालात की पेचीदगी से वाकिफ हैं और इसे स्वीकार कर चुके हैं। इसीलिए आइएनएफ संधि की जगह उससे मिलती-जुलती एक नई संधि करने के प्रस्ताव को भी मजाक की तरह लिया जा रहा है।

अमेरिका कहता है कि ऐसा कोई समझौता तभी होगा जब उसमें चीन को भी शामिल किया जाए। जबकि चीन इस बात को बिना कुछ कहे सिरे से ही टाल देता है, इस आशय के साथ कि जिस समझौते का उससे कोई लेना-देना नहीं, उसमें उसे शामिल करने का जिक्र भी कहीं क्यों उठना चाहिए। साफ है कि परमाणु सशस्त्रीकरण पर अंकुश लगाने वाला दौर अब समापन के कगार पर है। आशंका भरे एक नए दौर की शुरुआत के संकेत इस तथ्य में मिलते हैं कि अमेरिका में एक नए अंतरिक्ष बल के गठन के प्रस्ताव पर काम शुरू हो गया है। दूसरा बड़ा संकेत फ्रांस ने इस घोषणा से दिया है कि उसकी एयर फोर्स में जल्द ही एक स्पेस कमान गठित की जाएगी जिसका काम खास तौर पर फ्रांसीसी उपग्रहों की रक्षा करने का होगा।

ऐसे माहौल में यह तो हो नहीं सकता कि बाकी देश अपनी सुरक्षा को लेकर उदासीन बने रहें। यानी इन हलचलों का सीधा अर्थ यही निकलता है कि शीतयुद्ध से मुक्ति के करीब तीन दशक बाद दुनिया अंतरिक्ष सैन्यीकरण और परमाणु सशस्त्रीकरण के एकदम नए दौर में प्रवेश कर रही है। तब और अब के दौर में एक बड़ा फर्क यह है कि दुनिया अब दो-ध्रुवीय न होकर बहुध्रुवीय है और यह बात आने वाले समय को और भी खतरनाक बना रही है।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में मिलेगी हवाई जहाज जैसी सुविधा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अब भारतीय रेल में भी फ्लाइट जैसी सुविधा मिलने वाली है। आपको हैरानी हो रही होगी कि आखिर ट्रेन में सफर के दौरान कौन-सी ऐसी सुविधा मिलेगी, जिसकी तुलना फ्लाइट से की जा रही है। दरअसल भारतीय रेल में नई पहल के तहत अब फ्लाइट्स की तर्ज पर वंदे भारत ट्रेन में एयर होस्टेस और फ्लाइट स्टीवर्ड्स रखे जाएंगे।

ये ट्रायल प्रोजेक्ट पहले ही इस ट्रेन में शुरू किया जा चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक आईआरसीटीसी को इस पायलट प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई है। यात्रियों की सुविधा का खयाल रखते हुए आईआरसीटीसी ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में छह महीनों तक चलने वाले ट्रायल प्रोजेक्ट के लिए 34 ट्रेन्ड एयर होस्टेस और फ्लाइट स्टीवर्ड्स को रखा है।

अगर ये सर्विस सफल रहती है तो इसे बाकी दूसरे ट्रेनों में भी लागू किया जाएगा। आईआरसीटीसी के प्रवक्ता सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने के लिए काफी मेहनत की जा रही है। आमतौर पर ट्रेन में यात्रियों को खाना परोसने वालों को लाइसेंस्ड केटरर्स 8,000-10,000 रुपए प्रति महीना देते हैं लेकिन बेस्ट सर्विस देने के लिए आईआरसीटीसी इन एयर होस्टेस और फ्लाइट स्टीवर्ड्स को 25,000 रुपए प्रति महीना दे रही है।

## रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 26 पैसे मजबूत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजार की शुरुआती बढ़त के बीच मंगलवार को रुपया शुरुआती कारोबार में 26 पैसे बढ़कर 70.47 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में स्थानीय मुद्रा 70.80 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। यह शुरुआती कारोबार में सोमवार के बंद से 26 पैसे बढ़कर 70.47 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू बाजार में अच्छी शुरुआत से रुपये को समर्थन मिला। हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव रहा।

सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 113 पैसे लुढ़क कर पांच महीने के न्यूनतम स्तर 70.73 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया था। पिछले छह साल में रुपये में किसी एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिका-चीन के बीच व्यापार तनाव को लेकर निवेशकों में चिंता से बड़े पैमाने पर पूंजी निकासी, युआन के अवमूल्यन और कश्मीर मुद्दे को लेकर अनिश्चितता से रुपये में यह गिरावट आई थी।

## अमेजन और नेटफ्लिक्स से कड़ा मुकाबला कर रही फ्लिपकार्ट, देगी मुफ्त वीडिया स्ट्रीमिंग सर्विस

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-वाणिज्य कंपनी फ्लिपकार्ट ग्राहकों को अपने साथ जोड़े रखने के लिये अब वीडियो सेवा शुरू करेगी। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि फ्लिपकार्ट वीडियो पर भारतीय भाषाओं में लघु फिल्में, फीचर फिल्में और धारावाहिक कड़ियां उपलब्ध होंगी। कंपनी विभिन्न मनोरंजन सामग्री निर्माताओं से अपनी वीडियो लाइब्रेरी बढ़ाने के लिए




बातचीत कर रही है।

कंपनी की कोशिश नये 20 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने की है। फ्लिपकार्ट वीडियो की प्रतिस्पर्धा उसकी प्रतिद्वंदी कंपनी अमेजन से होगी, जो अपनी प्राइम सदस्यता के तहत ग्राहकों को पहले से ऑनलाइन वीडियो और संगीत सेवा उपलब्ध करा रही है। हालांकि, अमेजन प्राइम के लिए ग्राहकों को एक निश्चित शुल्क 999 रुपये वार्षिक या 129 रुपये मासिक देना होता है, जबकि फ्लिपकार्ट वीडियो सेवा पर विज्ञापन होंगे लेकिन उपयोगकर्ताओं के लिए यह सेवा मुफ्त उपलब्ध होगी। इसके अलावा कंपनी को इस क्षेत्र में पहले से मौजूद नेटफ्लिक्स और हॉटस्टार, जी5, सोनी लिव, ऑल्ट बालाजी, टीवीएफ प्ले और एमएक्स प्लेयर जैसे कई अन्य मंचों से भी कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलेगी।

फ्लिपकार्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा, हम इसमें बहुत निवेश कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि खरीदारी के अलावा उपयोक्ता मंच पर (एप पर) और समय बिताए। हम मनोरंजन सामग्री का उपयोग लोगों को मंच पर बनाए रखने के तौर पर करेंगे।

## दिल्ली में 6 दिनों में 58 पैसे लीटर सस्ता हुआ पेट्रोल, डीजल के भाव स्थिर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल के दाम में मंगलवार को लगातार छठे दिन गिरावट दर्ज की गई। तेल विपणन कपंनियों ने फिर दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल के दाम में नौ पैसे जबकि चेन्नई में 10 पैसे प्रति लीटर की कटौती की। हालांकि, डीजल के दाम लगातार दूसरे दिन स्थिर रहे। देश की राजधानी दिल्ली में इन छह दिनों में पेट्रोल के दाम में 58 पैसे प्रति लीटर की कमी आई है। इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 72.28 रुपये, 74.97 रुपये,



77.93 रुपये और 75.08 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। हालांकि चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 65.94 रुपये, 68.17 रुपये और 69.11 रुपये और 69.64 रुपये प्रति लीटर बन हुए हैं।

उधर, कच्चे तेल के भाव में फिर तेजी लौटी है लेकिन पिछले महीने के मुकाबले ब्रेंट क्रूड का भाव अभी तक पांच डॉलर प्रति बैरल नीचे है।

अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार आईसीई पर ब्रेंट क्रूड के अक्टूबर अनुबंध में मंलगवार को एक फीसदी की तेजी के साथ 60.41 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। पिछले महीने के आखिर में ब्रेंट क्रूड का भाव 65 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर था।

वहीं, नायमैक्स पर अमेरिकी लाइट क्रूड डब्ल्यूटीआई का सितंबर वायदा अनुबंध 1.06 फीसदी की तेजी के साथ 53.81 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था।

## वेस्टइंडीज ने तीसरे टी-20 के लिए एलेन को मौका देने का फैसला किया

**जॉर्जटाउन।** वेस्टइंडीज ने भारत के साथ मंगलवार को होने वाले तीसरे टी-20 मुकाबले के लिए खैरी पियरे के स्थान पर फेबियन एलेन को मौका देने का फैसला किया है। यह मैच गयाना नेशनल स्टेडियम में खेला जाना है।



भारत ने इस मैच में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने अमेरिका के फ्लोरिडा के लॉडरहिल में खेले गए शुरूआती दोनो मैच जीते थे। वेस्टइंडीज क्रिकेट के अंतरिम चेयरमैन राबर्ट हायंस ने एलेन को टीम में शामिल किए जाने की घोषणा की। हायंस के मुताबिक अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। इस मैच का प्रसारण सोनी नेटवर्क्स के तमाम चैनलों पर होगा जबकि हॉटस्टार पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग होगी।

## आज का राशिफल

*मेषः-* मेष राशि वालों के लिए ग्रहों की स्थिति अनुकूल है। आज आपके शत्रु परास्त होते दिखेंगे, आपका पराक्रम बढ़ेगा।

*वृषभः-* आपका दिन मंगलमय बीतेगा। अविवाहितों के लिए आज विवाह के प्रस्ताव आएंगे। पारिवारिक जीवन में आनंद रहेगा।

*मिथुनः-* अपनी उन्नति के लिए वाणी पर नियंत्रण रखने से लाभ होगा। अनजान लोगों से आपको सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है।

*कर्कः-* भाग्य की देवी आज आपको पूर्ण फल देने के लिए तत्पर है। आप बस अपना कर्म कीजिए आपको इसका शुभ फल मिलेगा।

*सिंहः-* आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। जिसके चलते सभी कार्य मन और इच्छा के अनुकूल होते दिख रहे हैं। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा।

*कन्याः-* आपका दिन शुभ लाभदायक है। लंबे समय से अटका काम बनने की संभावना है। की गई यात्रा लाभप्रद रहेगी।

*तुलाः-* बनते-बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। अतः- आज बहुत सोच-समझकर ही कार्य व्यवहार करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

*वृश्चिकः-* व्यक्ति गत व्यापार में लाभ होगा। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। अकस्मात लाभ हो सकता है।

*धनुः-* कई दिनों से चली आ रही उलझनों का आज अंत होता दिख रहा है। भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे।

*मकरः-* आज भाग्य के सहयोग से आपके काम बनेंगे। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। दूर की यात्रा की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी से सहयोग उत्साहवर्धक रहेगा।

*कुंभः-* आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। वाहन धीमी गति से चलाएं। चोट लगने की आशंका है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही से बचें।

*मीनः-* साझेदारी के व्यापार में और मित्रों से लाभ का योग है। कोई अंजान व्यक्ति आपका मददगार साबित होगा। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है। काम का दबाव रहेगा।

## साथियों ने स्टेन को सच्चा चैम्पियन बताया



**नईदिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट से डेल स्टेन के संन्यास के बाद उनके कई साथियों ने उन्हें सच्चा चैम्पियन और अपने जमाने को महानतम खिलाड़ियों में से एक करार दिया। स्टेन ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और फिर 93 मैचों के सफर में उन्होंने439 विकेट चटकाए। वह टेस्ट फारमेट में दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल गेंदबाज हैं।

स्टेन की कप्तानी करने वाले फाफ दू प्लेसिस ने स्टेन को अपने जमाने का महानतम गेंदबाज करार दिया।

प्लेसिस ने ट्वीट किया, वह अपने जमाने के महानतम खिलाड़ी रहे हैं। आंकड़े झूठ नहीं बोलते और सच्चाई यह है कि वह टेस्ट मैचों में चैम्पियन गेंदबाज रहे हैं।


संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान अब्राहम डिविलियर्स ने लिखा, कई सारी यादें हैं बताने के लिए। हमने अपने जमाने के सबसे बेहतरीन गेंदबाज स्टेन को कई सालों तक गेंदबाजी करते देखा। आप महानम खिलाड़ियों में एक हैं। आप अच्छे इंसान और एक बेहतरीन टीममैन रहे हैं। प्लेसिस और डिविलियर्स के अलावा हर्शेल गिब्स और भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने भी स्टेन की जमकर तारीफ की।

कोहली के साथ स्टेन रॉयल चैलेंजर्स के लिए आईपीएल खेल चुके हैं। कोहली ने ट्वीट किया, इस खेल का एक असल चैम्पियन। हैपी रिटायरमेंट पेस मशीन।

क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि स्टेन का 2019-20 सीजन का अनुबंध कायम रहेगा और वह वनडे तथा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। 36 साल के स्टेन ने एक बयान में कहा, आज मैं क्रिकेट के उस प्रारूप से अलग हो रहा हूं, जिससे सबसे ज्यादा प्यार किया।

## ओलंपियन ख्वाजा जुनैद पाकिस्तान हाकी टीम के नये कोच

**कराची।** पाकिस्तान ने ओलंपियन ख्वाजा जुनैद को पुरूष सीनियर हाकी टीम का मुख्य कोच बनाया है जबकि दो साल पहले उन्हें इस पद से हटाया गया था । पाकिस्तान हाकी महासंघ के प्रमुख ब्रिगेडियन (रिटायर्ड) सज्जाद खोकार ने तीन पूर्व खिलाड़ियों समीर हुसैन, वसीम अहमद और अजमल खान को तोक्यो ओलंपिक 2020 की तैयारी के लिये जुनैद का सहायक नियुक्त किया है । जुनैद इससे पहले चार साल तक खोकार के सहयोगी रह चुके हैं । लंदन में 2017 विश्व हाकी लीग में खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पद से हटाया था था । तब उन्होंने पीएचएफ अध्यक्ष और सचिव पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाये थे ।



जुनैद बार्सीलोना ओलंपिक 1992 में कांस्य पदक जीतने वाली पाकिस्तानी टीम के सदस्य थे । पीएचएफ ने ओलंपियन मंजूर जूनियर को नया मुख्य चयनकर्ता बनाया है जिनका साथ देने के लिये ओलंपियन खलील हमीद, वसीम फिरोज और अयाज महमूद को नियुक्त किया है ।

## लज़ीज़ कटहल बिरयानी बनाने की विधि...

### सामग्री :



बासमती चावल - 2 कप, कटहल - 200 ग्राम, घी - 3 TBSP, काजू - 7-8, जीरा - 1/2 छोटी चम्मच, लोंग - 5-6, काली मिर्च - 8-10, बड़ी इलाइची - 2, दाल चीनी - 2 टुकड़े, हल्दी पाउडर - 1/4 चम्मच, हरी मिर्च - 1 (बारीक kati हुई ), अदरक - 1 इंच लम्बा टुकड़ा (पेस्ट किया हुआ), दही - 2 TBSP, लाल मिर्च - 1/4 छोटी चम्मच, नमक स्वादानुसार - स्वादानुसार, हरा धनियां - 1 TBSP (बारीक कतरा हुआ)


### विधि :

चावल को साफ करके धो लीजिये और 1 घंटे के लिये पानी में भिगोकर रख दीजिये.हाथों को तेल लगाकर कटहल को 1 इंच लम्बे टुकड़े करते हुये काट लीजिये और धोकर इसके बीज से छिलके हटा दीजिये.लोंग, काली मिर्च, इलाइची और दाल चीनी को कूटकर दरदरा कर लीजिये.पैन में घी गरम करके कटहल और काजू के टुकड़े डाल कर चलाते हुये हल्के ब्राउन होने तक तल लीजिये,बचे हुये घी में जीरा डालिये, उसके बाद उसमे हल्दी पाउडर,लोंग,काली मिर्च का कुटा हुआ मसाला डालकर मिक्स कर लीजिये, अब हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट को दही डालकर इस मिश्रण में मिला दीजिये इस मिश्रण में चावल डालकर चलाते हुए भूनिये और तले हुए कटहल और काजू भी डालकर अच्छे से मिला दीजिये, और चावल की मात्रा से दुगनी मात्रा पानी की डाल कर, नमक और लाल मिर्च पाउडर मिला दीजिये. कुकर का ढक्कन बन्द कर दीजिये.1 सीटी आने तक पुलाव को पकने दीजिये.कुकर का सारा प्रेशर खतम होने के बाद कुकर खोलिये,आपकी कटहल बिरयानी तैयार है.

## शब्द सामर्थ्य- 48

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | ज | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | व |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | वा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |

## सू-दोकू- 48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |